Punjab Kesari 2nd November 2019 (Page 3 Patiala)

थापर इंस्टीच्यूट का 33वां कन्वोकेशन : 2157 डिग्री वितरित की

पटियाला, 1 नवम्बर (बी.एन. 112/11): थापर इंस्टीच्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी (टी.आई.ई.टी.) का 33वां कन्वोकेशन आयोजित किया गया। इसमें वर्जिनिया टैक के प्रॉवस्ट सिरिल क्लार्क गैस्ट आफ ऑनर थे। वेटेरिनेरियन, क्लीनिकल फार्मोकोलॉजिस्ट, टीचर, रिसर्चर एवं एकैडमिक लीडर, डॉ. क्लार्क एग्जीक्यूटिव वाइस प्रैजीडैंट एवं प्रॉवस्ट हैं। 1872 में स्थापित हुई वर्जिनिया टैक दुनिया के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में से एक है।

प्रॉवस्ट सिरिल क्लार्क कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए।

कन्वोकेशन में ग्रैजुएट होने वाले विद्यार्थियों को 2157 डिग्री वितरित की गईं, जिनमें 83 पीएच.डी. डिग्री, 640 मास्टर्स इन इंजीनियरिंग, साइंस, ह्यूमनिटीज एवं मैनेजमैंट की डिग्री तथा 1434 इंजीनियरिंग में बैचलर की डिग्री शामिल हैं। मैडल विजेताओं में कनिष्क अग्रवाल को सर्वाधिक सी.जी.पी.ए. के लिए प्रैजीडैंट का मैडल, केशव गोयल को सर्वश्रेष्ठ आलराऊंड प्रदर्शन के लिए एस. रनबीर सिंह मैमोरियल मैडल दिया गया। अर्शजोत कौर को प्रोफैसर वी. राजारमन कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग अवार्ड एवं कनिष्क अग्रवाल को एस. राम एस. सिद्धू मैमोरियल मैडल दिया गया।